हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

करें उत्सव की शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर
CASHBACK VOUCHER
₹1,000 की छूट
हर ₹2,500 की खरीदारी पर
ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक
*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

खबर संक्षेप

मरकाटोला को उपतहसील बनाने, विधायक को ज्ञापन

धनेलीकन्हार। ग्राम पंचायत मरकाटोला फतेचंद को उपतहसील का दर्जा देने जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार में सुविधाओं का विस्तार करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम विधायक आशाराम नेताम को आवेदन सौंपा गया। कान्हारपुरी में आयोजित देव दशहरा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से दौरा रद्द होने पर विधायक आशाराम नेताम को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया गया। आवेदन में 25 गांवों के 35 हजार से अधिक ग्रामीणों का समर्थन तथा 16 पंचायतों के सरपंचों और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर शामिल हैं। मरकाटोला को उपतहसील बनाने से ग्रामीणों को राजस्व कार्यों में राहत मिलेगी। बैंक शाखा खुलने से किसानों को बैंकिंग और कृषि ऋण की सुविधा मिलेगी। वहीं, धनेलीकन्हार स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर उपचार, आवश्यक उपकरण और चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई। विधायक ने मांगों पर पहल करने का आश्वासन दिया।

निधन

सुरजबती कचलाम

दुर्गूकोंदल। तराईघोटिया निवासी सुरजबती कचलाम का अचानक देहांत हो गया, वे कुछ दिनो से अस्वस्थ थे।



उनका अंतिम संस्कार किया गया, वे रिडार्यड प्रधान पाठक नेडगांव के प्रेमसिंह कचलाम की धर्म पत्नी थी।

रामलाल उसेंडी

दुर्गूकोंदल। ग्राम दुर्गूकोंदल के आवासपारा निवासी रामलाल उसेंडी का लंबे समय तक बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर से परिजनों, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक है।

सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी, अवैध परिवहन रोकने प्रमुख मार्गों पर बनेंगे चेकपोस्ट

163 केंद्रों पर होगी धान खरीदी, तैयारी समय पर पूरी करें, कलेक्टर की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कलेक्टोरेट में संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी 163 धान उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थित, पारदर्शी और सुचारू खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अनियमितता पाए जाने पर जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई की जाएगी।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी शुरू होने से पहले सड़कों, पुलों और पुलियों की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को उपार्जन केंद्रों तक धान पहुंचाने में परेशानी न हो।

उन्होंने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं और समस्याओं का जायजा लेने को कहा। कलेक्टर ने सभी धान उपार्जन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा जिले में सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके माध्यम से खरीदी प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

उन्होंने वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही धान के अवैध परिवहन और कोचियों-बिचौलियों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रमुख मार्गों पर आवश्यकतानुसार चेकपोस्ट स्थापित करने तथा सतत निगरानी करने को कहा।



14 नए केंद्रों को मिली मंजूरी

खाद्य अधिकारी ने बैठक में बताया कि पिछले वर्ष जिले में 149 धान उपार्जन केंद्र संचालित थे। इस वर्ष 14 नए केंद्र स्वीकृत होने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 163 हो जाएगी। कलेक्टर ने ऑनलाइन एंट्री सहित खरीदी संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सभी केंद्रों में समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समय-सीमा बैठक लेकर शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में 2 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान विभागीय स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम के अनुरूप गतिविधियां प्रदर्शित करने को कहा गया। कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन में तेजी लाने तथा पात्र उपभोक्ताओं का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और डिजिटल क्रॉप सर्वे निर्धारित समय में पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने तथा जल जीवन मिशन सहित अन्य कार्यों की नियमित समीक्षा करने को कहा।

अभनपुर में महिला भारोत्तोलन स्पर्धा सांसद विजय बघेल करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

ग्रामीण अंचल की बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अभनपुर में 24 अक्टूबर को एक दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बेटियों को बेहतर मंच प्रदान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कांकेर जिला भारोत्तोलन संघ की सचिव माधुरी साहू ने बताया कि प्रतियोगिता ग्राम पंचायत अभनपुर स्थित शासकीय कन्या उमावि के प्रांगण में आयोजित होगी। शनिवार 24 अक्टूबर को सुबह 9 बजे खिलाड़ियों का वजन किया जाएगा, जबकि प्रतियोगिताएं सुबह 11 बजे से प्रारंभ होंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन दुर्ग सांसद विजय बघेल करेंगे। वे छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के संरक्षक भी हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, विद्यालय के प्राचार्य रामप्रसाद नेताम, संकुल प्राचार्य रूपेन्द्र रामटेके सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस लीग के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के राष्ट्रीय निर्णायकों की देखरेख में किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को निर्धारित नियमों के अनुसार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य रामप्रसाद नेताम ने उम्मीद जताई कि ऐसे आयोजन से आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी और बालिकाओं का खेलों के प्रति आत्मविश्वास बढ़ेगा।

- अस्मिता खेलो इंडिया सिटी लीग में जिले की बालिका और महिला खिलाड़ी दिखाएंगी दमखम
- ग्रामीण प्रतिभाओं को कल मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर

23 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

कांकेर जिला भारोत्तोलन संघ ने जिले की इच्छुक महिला एवं बालिका खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। इच्छुक खिलाड़ी 23 अक्टूबर तक संघ के सदस्यों अथवा सचिव माधुरी साहू से संपर्क कर पंजीयन करा सकती हैं।

जिला युवा उत्सव की तैयारी पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 के आयोजन को लेकर अधिकारियों की कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बैठक ली। उन्होंने कहा कि आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा भाग ले सकें और उनकी प्रतिभा जन-जन तक पहुंचे। जनप्रतिनिधियों, स्थानीय प्रभावी व्यक्तियों और सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने को कहा गया।

- पंजीयन 28 तक

बैठक में जिला खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवा उत्सव में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय आयोजन 29 अक्टूबर को होगा, जिसमें 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभागी के रूप में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज और पारंपरिक वेशभूषा शामिल हैं।

प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक विधा में भाग ले सकेगा और सभी प्रतिभागियों का 'माय भारत पोर्टल' पर पंजीयन अनिवार्य होगा। विजेताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। जिला स्तर के विजेता राज्य स्तरीय युवा उत्सव 01 से 07 दिसंबर बिलासपुर में हिस्सा लेंगे। वहां से चयनित प्रतिभागी 10 से 12 जनवरी 2027 को नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



आदिवासियों ने देव दशहरा पर सेनानी पोटाई को याद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्राम कन्हारपुरी में जन्मे संविधान सभा के सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं विधिवेत्ता ठाकुर रामप्रसाद पोटाई को देव दशहरा के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। वक्ताओं ने उनके जीवन को आदिवासी अस्मिता, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित बताया।

नितिन पोटाई ने कहा कि ठाकुर रामप्रसाद पोटाई ने जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं तथा जल, जंगल और जमीन से जुड़े अधिकारों की आवाज बुलंद की। उनका मानना था कि संविधान में प्रत्येक वर्ग को न्याय, समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के कल्याण को भी महत्व दिया। सुशील पोटाई ने उनके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान, सामाजिक चेतना और आरक्षण संबंधी विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पोटाई आदिवासी समाज के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी को भी आरक्षण का लाभ देने के पक्षधर थे। उन्होंने वर्ष 1992-93 में धनेलीकन्हार में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता की स्मृतियां भी साझा कीं। इस अवसर पर पद्मश्री अजय मंडावी ने मांग की कि ठाकुर रामप्रसाद पोटाई की जीवनी को छत्तीसगढ़ के स्कूलों और महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। विश्वविद्यालयों में उनके जीवन पर शोध को प्रोत्साहित करने के साथ छात्रावासों और पुस्तकालयों में उनकी जीवनी उपलब्ध कराई जाए, ताकि नई पीढ़ी उनके संघर्ष और विचारों से प्रेरणा ले सके।



नवरात्रि समाप्त होते ही शराब दुकानों में शौकीनों की लगी कतार

जगदलपुर। नौ दिनों तक चले शक्ति की आराधना के पर्व शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयादशमी पर्व के अगले ही दिन शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक का एक अलग ही नजारा देखने को मिला। नवरात्रि के दौरान देवी पांडालों में गूंजने वाले मंत्रोच्चार, भजन और घंटे-घड़ियालों की ध्वनि के शांत होते ही शहर की सरकारी शराब दुकानों के बाहर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी। त्योहार के पावन दिनों में नौ दिनों तक संयम और सादगी भरा माहौल बनाए रखने के बाद जैसे ही पाबंदियां और व्रत के बंधन समाप्त हुआ शौकीनों का हुजूम सीधे शराब दुकानों की ओर रुख करता नजर आया। गौरतलब है कि नवरात्रि के दौरान धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल के चलते शराब की दुकानों में नौ दिन तक सन्नाटा पसरा रहा। लेकिन व्रत और अनुष्ठान के संपन्न होते ही दुकानों के शटर खुलते ही खरीदारों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। दुकानों के कई काउंटर्स पर स्थिति यह हो गई कि लोगों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

कड़मे सेक्टर की कांग्रेस बैठक 136 ने ली पार्टी की सदस्यता

कोयलीबेड़ा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोयलीबेड़ा के कड़मे सेक्टर में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान 136 नए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल दर्रो ने की, जबकि अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रूपसिंह पोटाई के नेतृत्व में नए कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। कांग्रेस नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। रूपसिंह पोटाई ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों, किसानों और गरीब वर्ग के हितों के लिए लगातार संघर्ष करती रही है।

उन्होंने नए कार्यकर्ताओं से निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष अनिल दर्रो ने कहा कि कड़मे सेक्टर में युवाओं और ग्रामीणों की भागीदारी से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि पूरे ब्लॉक में सदस्यता अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में सुभद्रा सलाम, रत्ती राम दुग्गा, प्रेम उन्द्रे, श्रावण नेताम, दिलीप बघेल, हरिचंद्र देहरी, सताऊ राम दुग्गा, रजवा राम सलाम, हरसिंग मांडवी, रामजी राम उसेंडी, महार सिंह दुग्गा, मंगू राम ध्रुव, लखमुराम उसेंडी, रज्जू राम वड्डे, सुकदु उसेंडी, सचिन गावड़े, संतलाल उसेंडी, बिरसिंह मरकाम सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



फन फेयर में रशियन जलपरी को देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजमहल परिसर में 12 अक्टूबर से डिजनीलैंड मेला शुरु हो चुका है। यह मेला रोमांचित कर देने वाले झूलों, लाइव प्रदर्शन, बच्चों के खेलकूद और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ 6 नवंबर तक चलेगा। यह मेला बच्चों और बड़ो दोनों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। दशहरा के उपलक्ष्य में इस बार मेले में गत वर्ष के रोमांचक झूलों के साथ और अधिक मनोरंजन देने वाले झूलों को भी शामिल किया गया है। जिसमें छिपकली झूला, टोरा टोरा झूला, ग्राइंट फ्रिज झूला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

पिछले बार मेला का मुख्य आकर्षण रहे एसी फिश टनल में इस बार लाईव रशियन जलपरी का नृत्य मेले के दर्शकों को देखने मिल रहा है। लंबे समय तक जल में श्वांस रोककर ये प्रशिक्षित रशियन कलाकार देखने वालों को रोमांच के चरम पर पहुंचा देते है। ये कलाकार मछली के रूप में अपनी कौशल कला दिखा रहीं है। मेले में इसके अलावा कई हाइटेक झूलें एवं एडवेंचर राइड्स भी उपलब्ध है। जिसमें हवाई झूला, ब्रेक डांस झूला, सुपर ड्रैगन झूला, हेलीकाप्टर झूला, हवाई टावर झूला, पहली बार मिक्सर झूला व पंखा झूला शामिल है।

लोगों की नजर डिजनीलैण्ड मीना बाजार के मुख्य द्वार पर पड़ रही है तो उसकी खूबसूरती हर किसी को अनायास आकर्षित कर रही है खासकर बच्चों को और भी ज्यादा। वहीं बाजार के अंदर प्रवेश करते ही वहां की खूबसूरती मनभावन तो है साथ ही एक से बढ़कर एक आधुनिक झूले, बच्चों के खास झूले, जलपरी शो, हॉरर हाउस सहित अनेक मनोरंजन के आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित है तो इस मेला में जीवंत राशियाई इंसानी मछली की मनभावन करतब से हर किसी का दिल निहाल हो रहा है। इस अद्भुत मंजर को देखने लोग अब शाम ढलते ही अपनों के साथ बाजार का भरपूर आनंद ले रहे हैं।आयोजकों ने कहा कि शहरवासियों के स्नेह और सहयोग से इस बार हमने मेला को भव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं ताकि जनता का भरपूर मनोरंजन हो सके।

इसी तरह मीना बाजार में देश भर के हेंडलूम क्रॉफ्ट का विशाल स्टॉल लगाया गया है जहाँ लोगों को उनकी मनपसंद चीजें मिलेंगी। इसमें विभिन्न प्रांत से आए विभिन्न धर्म के लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। स्वस्थ मनोरंजन, हेंडलूम स्टॉल के अतिरिक्त लजीज व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया गया है जिसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा गया है। लोग अपनों के साथ मनभावन व्यंजनों का स्वाद चख रहे हैं। सभी स्टॉलों में स्टाल संचालक द्वारा आनलाईन पेमेंट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

मेला में मनोरंजन करने आए सम्मानीय लोगों को किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े इसके लिए विशाल पार्किंग के साथ ही अन्य समुचित व्यवस्था की गई है जिसमें हर दिशा में निगरानी के लिए दर्जनों सीसी टीवी कैमरे एवं फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट की पूरी व्यवस्था की गई है। आगंतुको के प्रवेश के लिए एक एवं निकासी के लिए दो द्वार की व्यवस्था है इसके अलावा एक और आपातकालिन निकासी द्वार भी बनाया गया है।



पेज 11 के शेष...

अहंकार पतन का ...

बनाते हैं। दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से पूर्व मंत्री एवं वर्तमान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी परंपराओं और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने रावण और भगवान श्रीराम के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि रावण को अपने ज्ञान और शक्ति का अभिमान था, जबकि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, विवेक और धर्म का प्रतीक है। रावण का अहंकार अंततः उसके पतन का कारण बना। उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और सत्य, मर्यादा तथा सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। **तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख की घोषणा :** कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नवीन अरौद चौक स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की, वहीं ओपन जिम की स्थापना के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक सावित्री मनोज मंडावी की ओर से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। इन घोषणाओं से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। तालाब का सौंदर्यीकरण होने से गांव की सुंदरता बढ़ाने में मदद मिलेगी, वहीं ओपन जिम से लोगों को स्वास्थ्य और व्यायाम की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल होगी।

पटवारियों ने काले ...

पटवारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर रैली निकाली और आंदोलन के दौरान जारी किए गए शो-कॉज नोटिस की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। संघ का कहना है कि मौजूदा फसल सीजन में पीवी एप के माध्यम से फसल गिरदावरी कराने की प्रक्रिया व्यावहारिक रूप से कठिन है। इससे पटवारियों पर अतिरिक्त काम का दबाव बढ़ने के साथ समय पर कार्य पूरा करने में भी परेशानी हो सकती है।

पारिवारिक विवाद में ...

आरोप है कि हाथ-मुक्के और डंडे से हमला किए जाने के कारण उसके हाथ, पैर, पीठ और कमर में चोटें आईं। उसे बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंची उसकी जेठानी रुखमणी उईके के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

युवक की इलाज ...

मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 163 केंद्रों पर होगी धान खरीदी, तैयारी समय ...



14 सांस्कृतिक कार्यक्रम में गई टीम, घर से ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
21

खबर संक्षेप

युवक की इलाज के दौरान हुई मौत


कांकेर। ग्राम पीव्ही 21 दुर्गापुर में ट्रैक्टर की टक्कर से घायल 37 वर्षीय त्रिदीप मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत होने पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस जांच के अनुसार त्रिदीप घर की बाड़ी का गेट खोल रहा था, तभी ट्रैक्टर चालक मानिय हिचमी ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। गंभीर हालत में रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती त्रिदीप ने दम तोड़ दिया। ▶▶|शेष पेज 12 पर

विद्वान रावण का पराभव अहंकार के कारण हुआ और राम ने जीवन का आदर्श प्रस्तुत किया : सांसद अग्रवाल

अहंकार पतन का द्वार है और रामायण सिखाती है जीने की कला : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महानदी अंचल के ग्राम अरौद में दशहरा महोत्सव पर बीती रात यानी 21 अक्टूबर को आस्था, परंपरा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। 65 फीट ऊंचे रावण के दहन के बीच सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अहंकार के पतन का संदेश देते हुए कहा कि रावण विद्वान और शक्तिशाली होने के बावजूद अपने अभिमान के कारण पराजित हुआ। दशहरा हमें सिखाता है कि ज्ञान और शक्ति का घमंड नहीं, बल्कि सत्य, मर्यादा और सदाचार ही मनुष्य को महान ▶▶|शेष पेज 12 पर





कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में अरौद सरपंच अरौद रूपेश मरकाम, पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश जैन, भाजपा जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजा देवनानी, पूर्व अध्यक्ष हलधर साहू, चारामा नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जिला भाजपा मंत्री हेम प्रभा कटकेर, जिला मीडिया प्रभारी मनोज जैन, किसान मोर्चा जिला महामंत्री खेम तिवारी, परमानंद साहू, बद्रीश सुखदेवे, जनपद सदस्य चिंताराम साहू, रघुनंदन साहू, घासीराम पटेल, अमन मंडावी, महेंद्र नायक, पार्षद सुभाष मंजू सोनकर, अंजू नाग, संतोष शिंदे, सुधांशु पांडे, रवि मंगतानी, विकास मंडावी, समीर बंछोर, तेजेंद्र साहू और सुरेंद्र साधवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक मोहन जायसवाल ने किया।

बुराई छोड़कर सद्भाव के मार्ग पर चलें : सावित्री मंडावी

विशिष्ट अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अरौद में आयोजित दशहरा महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और आपसी भाईचारे का सुंदर प्रतीक है। इस पर्व पर सभी को अपने भीतर के अहंकार, द्वेष और बुराइयों का त्याग कर प्रेम, सद्भाव और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए।

87 साल की परंपरा, गांव के युवाओं ने संभाली

महानदी अंचल के ग्राम अरौद में 87 साल पुरानी दशहरा परंपरा इस बार भी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ निभाई गई। माध्यमिक शाला के सामने स्थित मैदान में रामलीला मंचन के बाद इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से 65 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और भगवान श्रीराम के जयघोष से पूरा मैदान गूंज उठा। इस आयोजन की खास बात यह रही कि रामलीला मंचन से लेकर आतिशबाजी और व्यवस्थाओं की पूरी जिम्मेदारी गांव के युवाओं ने संभाली। कलाकारों से लेकर व्यवस्थापक तक सभी अरौद गांव के ही निवासी थे। ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता से सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखते हुए एकता और सामूहिक सहयोग की मिसाल पेश की।

पटवारियों ने काले कपड़े थामकर पीवी एप गिरदावरी प्रक्रिया का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पटवारियों ने काले कपड़े और हाथों में विरोध की संदेश लेकर जिला मुख्यालय में रैली निकालकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की। पटवारियों ने शो-कॉज नोटिस की जलती प्रतियां जलाकर विरोध जताया। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर 13 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच पटवारियों का विरोध प्रदर्शन और तेज हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। जिला मुख्यालय में आयोजित प्रदर्शन में जिले की विभिन्न तहसीलों के ▶▶|शेष पेज 12 पर

- लंबित मांगों के निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने की चेतावनी

कार्रवाई से बढ़ी नाराजगी

संघ ने आरोप लगाया कि हड़ताल के दौरान प्रदेशभर में पटवारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किए गए हैं। बलौदाबाजार में संघ पदाधिकारियों के स्थानांतरण और महासमुंद जिले में पांच पटवारियों के निलंबन की कार्रवाई से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ी है। संघ ने कर्मचारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई वापस लेने की मांग भी उठाई है।

लंबित मांगों के निराकरण पर जोर

पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में गिरदावरी एप की समस्याओं का समाधान, कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई वापस लेना, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करना और वेतन विसंगतियों को दूर करना शामिल है। संघ ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान निकालने की अपील की है। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

खेतों में फोटो और लोकेशन दर्ज करने की चुनौती

पटवारी संघ के अनुसार पीवी एप के माध्यम से गिरदावरी के लिए प्रत्येक खेत के चार फोटो अपलोड करने, लोकेशन दर्ज करने और पॉलीगन नक्शा तैयार करने जैसे कार्य अनिवार्य किए गए हैं। खेतों में पानी भरे होने, फसल खड़ी रहने, जमीन के बंटवारे और कब्जे से जुड़े विवादों के कारण निर्धारित समय में सभी प्रक्रियाएं पूरी करना चुनौतीपूर्ण है। संघ ने मांग की है कि चालू वर्ष में भी पूर्व की तरह शासकीय मुझियां पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन गिरदावरी दर्ज करने की व्यवस्था जारी रखी जाए, ताकि किसानों को धान विक्रय के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते 3 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर की रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बाजारपारा सुभाषवार्ड कांकेर निवासी 38 वर्षीय शैलेश आसवानी पिता ओमप्रकाश आसवानी, श्रीरामनगर कांकेर निवासी 29 वर्षीय विक्रांत सोनवानी पिता स्व. करण सोनवानी और बेवरती निवासी 30 वर्षीय भूपेन्द्र नेताम पिता महेन्द्र नेताम को पकड़ा गया।



मौके से रॉयल स्टैग शराब की 130 एमएल मात्रा और तीन डिस्पोजल गिलास जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

पारिवारिक विवाद में महिला से मारपीट, पति पर मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बंगलापारा चारामा निवासी 28 वर्षीय टिम्पी उईके ने अपने पति विष्णु उईके और उसके परिजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत के अनुसार, दूसरी महिला को लेकर पति से विवाद होता था। इसी बात को लेकर 21 अक्टूबर को विवाद बढ़ गया और मारपीट की घटना हुई। मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। चारामा पुलिस को दिए गए आवेदन में शिकायतकर्ता टिम्पी उईके ने बताया कि उसके पति विष्णु उईके ने एक अन्य महिला को अपनी बहन राजबती कांगे के घर ग्राम साल्हेटोला में लाकर रखा था। इस संबंध में पूछताछ करने पर पति कथित तौर पर शराब पीकर आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। शिकायतकर्ता के मुताबिक 21 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे भी उसके पति ने उसके और बच्चों के साथ मारपीट की थी। इसके बाद शाम करीब 7:30 बजे उक्त महिला को लेकर फिर विवाद शुरू हो गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि विवाद के दौरान उसके पति विष्णु उईके, उसकी दोनों बहनों उषा मरकाम और राजबती कांगे तथा नेहा मरकाम ने उसके साथ मारपीट की। ▶▶|शेष पेज 12 पर

- दूसरी महिला को लेकर हुआ विवाद, बीच-बचाव करने पहुंची जेठानी के साथ भी मारपीट का आरोप



पुलिस ने शुरू की विवेचना

पीड़िता की शिकायत पर चारामा पुलिस ने विष्णु उईके के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।



बस्तर ओलंपिक का पंजीयन शुरू, युवाओं को शामिल करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बस्तर संभाग के युवाओं को खेल के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने, उनकी खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। जिले में आयोजन की तैयारियों एवं पंजीयन की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पात्र युवाओं तक आयोजन की जानकारी पहुंचाने, प्रतियोगिता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता के निर्देश दिए।

विकासखंड स्तर के बाद जिला स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी होंगे पुरस्कृत



विकासखंड स्तर के बाद जिला स्तर पर होंगे आयोजन

बस्तर ओलंपिक 2026 के अंतर्गत पहले विकासखंड स्तर पर और उसके बाद जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 01 से 13 नवंबर तक, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 से 25 नवंबर तक तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं 07 से 11 दिसंबर 2026 तक आयोजित होंगी।

हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग भी

हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग का आयोजन सीधे जिला स्तर पर किया जाएगा। सीनियर महिला वर्ग में रस्साकसी को प्रदर्शनात्मक खेल के रूप में शामिल किया गया है। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं पुनर्वासित सदस्यों की सहभागिता सीधे संभाग स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। पंजीयन के लिए आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी तथा स्वयं के बैंक खाते की जानकारी देना अनिवार्य है। पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से प्रतिभागी के खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, सभी एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तर के अधिकारीगण, नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद थे।

अधिकारीयों पंजीयन की जानकारी ली

बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सीएमओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी से विकासखंडवार पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्थानीय कर्मचारियों एवं मैदानी अमले के माध्यम से गांव-गांव तक बस्तर ओलंपिक की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र युवा इस आयोजन से परिचित होकर स्वयं आगे आएं और अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए पंजीयन कराएं। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विकासखंडों में पंजीयन की संख्या अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष रूप से प्रचार-प्रसार कर युवाओं को प्रतियोगिता, खेल विधाओं एवं पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे विकासखंडों कोयलीबेड़ा, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं भानुप्रतापपुर से अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के युवाओं को भी अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त अवसर मिले और वे उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लें। बस्तर ओलंपिक में जूनियर वर्ग के 14 से 17 वर्ष आयु के बालक-बालिकाएं तथा सीनियर वर्ग में महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के अंतर्गत 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो एवं 4×100 मीटर रिले रेस सहित तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल हैं।

खबर संक्षेप

बाइक की टक्कर से शिक्षक की मौत



कांकेर। कोरर थाना क्षेत्र के भैंसाकन्हार तिराहे पर सड़क हादसे में शिक्षक 45 वर्षीय भक्त प्रहलाद पोया की मौत हो गई। वे ग्राम मयाना से मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे थे, तभी दूसरी बाइक के चालक अनिल टांडिया ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगी और अधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

युवक लापता, अपहरण की आशंका रिपोर्ट दर्ज

कांकेर। बांदे थाना क्षेत्र के ग्राम पीव्ही-89 विवेकनगर निवासी 26 वर्षीय रोहित मंडल 19 अक्टूबर की सुबह घर से बिना बताए लापता हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 अक्टूबर की रात विवाद हुआ था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। परिजनों और रिश्तेदारों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

अपराध : नवरात्रि के दौरान कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए गई थी पूरी टीम

सांस्कृतिक कार्यक्रम में गई टीम, घर से दरवाजा तोड़कर 2 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम गिरहोला में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने गई टीम के सूने मकान का पिछला दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर दो लाख रुपये नकद ले उड़े। वहीं, बेवरती चौक के पास सड़क किनारे खड़ी किसान की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर पार कर ले गया। दोनों मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिरहोला निवासी भिनेश देवांगन सांस्कृतिक कार्यक्रम 'माटी के सिंगार' का संचालन करते हैं। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि नवरात्रि के दौरान लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। इसी सिलसिले में वे 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति देने घर से निकले थे। इसके बाद 22 अक्टूबर को बस्तर क्षेत्र के मुंजला सोनारपाल में कार्यक्रम की प्रस्तुति समाप्त



होने के बाद वे रात करीब 4 बजे अपने निवास ग्राम गिरहोला पहुंचे। घर पहुंचकर सामने का दरवाजा खोलकर अंदर जाने पर उन्हें मकान का पिछला दरवाजा टूटा हुआ मिला। बेडरूम में जाकर देखने पर आलमारी खुली हुई थी और छोटा संदूक भी टूटा हुआ था। आलमारी के लॉकर में कार्यक्रमों से प्राप्त नकदी रखी हुई थी, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी हुई नकदी की कुल राशि दो लाख रुपये थी, जिसमें 500 रुपये के 300 नोट, 200 रुपये के 200 नोट और 100 रुपये के 100 नोट शामिल थे। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए) और 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बाथरूम जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी की बाइक, लौटने तो गायब

कांकेर। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए मोटरसाइकिल की तलाश करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तालाकुर्रा ठाकुर चौक निवासी रामसिंग नरेटी खेती-किसानी का काम करते हैं। वे अपनी बेटी को कॉलेज छोड़ने के लिए मोटरसाइकिल से कांकेर आए थे। बेटी को कॉलेज छोड़ने के बाद वे शाम करीब 4 बजे अपने निजी काम से बेवरती गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल बेवरती चौक के पास सड़क किनारे खड़ी कर दी और कुछ दूरी पर बाथरूम करने चले गए। उन्होंने मोटरसाइकिल की चाबी लगी हुई ही छोड़ दी



थी। कुछ देर बाद जब वे वापस लौटे, तो निर्धारित स्थान पर उनकी मोटरसाइकिल नहीं थी। आसपास काफी खोजबीन करने और पता लगाने के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला। चोरी हुई मोटरसाइकिल का पंजीयन क्रमांक सीजी 19 बीयू 7129 है। मोटरसाइकिल का रंग काला-नीला है। पीड़ित के अनुसार, चोरी हुई मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये है। घटना के बाद पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

रामलीला देखने गए ग्रामीण का शव तालाब में मिला, गांव में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल।

गांव में रामलीला देखने की खुशी के बीच उस वक्त सनसनी फैल गई,

- दो दिन पहले मेड़ो में आयोजित रामलीला देखने निकले था, शुरू की जांच

जब सुबह तालाब में एक ग्रामीण का शव तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान ग्राम सिंहारी निवासी 52 वर्षीय कोमल कोमरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह ग्राम मेड़ो में आयोजित रामलीला देखने घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। दो दिन बाद तालाब में उनका शव मिलने की खबर से गांव में शोक और भय का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर दुर्गूकोंदल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मेड़ो में कुछ दिन पहले रामलीला का आयोजन हुआ था। इसी दौरान ग्राम सिंहारी निवासी कोमल कोमरा रामलीला देखने मेड़ो पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक, रामलीला देखने जाने के बाद वह घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसी बीच मेड़ो गांव के तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव



मिलने की सूचना ग्रामीणों ने सरपंच पटेल के माध्यम से पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दुर्गूकोंदल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मौजूदगी में शव का पंचनामा तैयार कराया और उसे दुर्गूकोंदल लाकर पहचान की प्रक्रिया पूरी की। कुछ ही घंटों में मृतक की पहचान कोमल कोमरा के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। यह भी चर्चा है कि रामलीला देखने के दौरान मृतक नशे की हालत में गांव में सो गए थे। बाद में लोगों ने उन्हें उठाकर घर जाने के लिए कहा था। बताया गया कि उठने के बाद वह तालाब के किनारे जाकर बैठ गए थे। इसके बाद सुबह तालाब में उनका शव तैरता हुआ मिला।

पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा

थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि मेड़ो तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव की शिनाख्त कराई गई। पीएम करवाकर शवप को परिजनों को सौंपा गया।

सिंदूरदान के साथ मां दुर्गा को दी विदाई, प्रतिमा विसर्जित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर के कालीबाड़ी बंग समाज द्वारा आयोजित पांच दिवसीय भव्य दुर्गा पूजा उत्सव का समापन पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों और नम आंखों से विदाई के साथ हुआ। उत्सव के अंतिम दिन कालीबाड़ी में सुहागिन महिलाओं द्वारा सिंदूरदान का पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा को भव्य नगर भ्रमण कराते हुए राजा तालाब ले जाया गया। यहाँ पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। बंगाली परंपरा में विजयदशमी के दिन सिंदूरदान का विशेष महत्व है। इस रस्म के दौरान भारी संख्या में जुटी महिलाओं ने सबसे पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। ढाक की थाप और शंखध्वनि के बीच आयोजित यह अनुष्ठान मां दुर्गा को भावपूर्ण विदाई देने और अगले वर्ष उनके पुनः आगमन की आस का प्रतीक बना। सिंदूरदान के पश्चात माता की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। बोलो दुर्गा माई की जय और आसचे बछोर आबार होबे अगले वर्ष फिर आना के गगनभेदी जयकारों के साथ श्रद्धालु झूमते-गाते विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता के अंतिम दर्शन किए। इसके बाद विसर्जन यात्रा राजा तालाब पहुंची, जहां समाज के पुरोहितों की उपस्थिति में धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार प्रतिमा विसर्जित की गई। इस पूरे भव्य आयोजन को सफल बनाने में कालीबाड़ी बंग समाज के अध्यक्ष विष्णु शाह सहित समाज के प्रमुख सदस्यों सहित बंगाली समाज के प्रबुद्ध जनों और आम श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतिमा विसर्जन के साथ ही अंचल के इस प्रमुख दुर्गा पूजा उत्सव का गरिमापूर्ण समापन हुआ।

वन अमले ने राजस्व विभाग के समकक्ष वेतन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ में वन विभाग के मैदानी अमले की वेतन विसंगतियां दूर करने और राजस्व विभाग के समकक्ष ग्रेड पे प्रदान करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ राजपत्रित वन अधिकारी संघ ने पहल की है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 21 अक्टूबर को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को ज्ञापन सौंपकर वनरक्षक से सहायक वन संरक्षक स्तर तक वेतनमान में सुधार की मांग रखी। संघ ने ज्ञापन में कहा कि वन विभाग का मैदानी अमला वन अधिकार कानूनों के क्रियान्वयन, वन भूमि के हस्तांतरण, सीमांकन तथा राजस्व एवं वन अभिलेखों में आवश्यक प्रविष्टियों जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन कर रहा है। इन बढ़ते दायित्वों को देखते हुए कर्मचारियों को न्यायसंगत वेतनमान मिलना चाहिए। संघ ने वनरक्षक को पटवारी के समान 2400, वनपाल को राजस्व निरीक्षक के समान 2800, डिप्टी रेंजर को नायब तहसीलदार के समान 4200 तथा फॉरेस्ट रेंजर को तहसीलदार के समान 4800 ग्रेड पे देने का प्रस्ताव रखा। साथ ही अन्य राज्यों के अनुरूप वेतन सुधार की मांग भी की गई। संघ के अनुसार वन बल प्रमुख ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए शासन स्तर पर आवश्यक विभागीय पहल का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक सोनवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में सतीश कुमार मिश्रा, सियाराम कर्माकर, मिर्जा फिरोज बेग, जागेश्वर गंधर्व, जीआर कोर्राम, राममूर्ति बघेल और दिनेश जोशी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।



विधायक सावित्री ने आश्वासन दिया पलाचूर डेम के विकास का

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सुरूंगदोह प्रवास के दौरान क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल पलाचूर डेम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इसके विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान आरती महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी।

महिलाओं की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने पलाचूर डेम में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों का विकास क्षेत्र की पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर सकता है। पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलने से क्षेत्र में पर्यटन



गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए पहचाना जाने वाला पलाचूर डेम पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण संभावनाएं रखता है। यहां बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सकता है।

साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका के अवसरों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पर्यटन स्थल की मौजूदा व्यवस्थाओं को देखा और स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं की जानकारी ली। आरती महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाते हुए उन्होंने पर्यटन स्थल के विकास के महत्व पर जोर दिया। पलाचूर डेम के निरीक्षण और महिला स्व सहायता समूह के साथ हुई चर्चा के बाद क्षेत्रवासियों को पर्यटन स्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद जगी है। अब स्थानीय लोगों की नजरें इस बात पर रहेंगी कि पर्यटन स्थल के विकास और आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए आगे क्या कदम उठाए जाते हैं। इस अवसर पर गोपी बढ़ाई, धनेश नरेटी, हुमन मरकाम, सुखचंद प्रजापति, रसालु गावड़े, रघुनंदन गोस्वामी, सियाराम पोटाई, रजमन कोवाची और हीरालाल कोमरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

आंबेडकर प्रतिमा से एसडीएम कार्यालय तक निकली रैली

वोट बचाओ-देश बचाओ को लेकर कांग्रेसियों ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

वोट बचाओ-देश बचाओ को लेकर गुरुवार को भानुप्रतापपुर की सड़कों पर कांग्रेसजनों ने बाइक रैली निकालते हुए प्रदर्शन किया। रैली के दौरान भारतीय संविधान के मूल्यों के सम्मान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मतदाता की भूमिका पर जोर दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के द्वितीय चरण के तहत आयोजित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे बाइक रैली बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष से प्रारंभ हुई। विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई रैली अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना बेहद जरूरी है।

भारतीय संविधान ने प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार देकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में समान भागीदारी का अवसर दिया है। वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना का सम्मान करते हुए मताधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब जनता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेगी।



आयोजित रैली में कांग्रेसजन रहे शामिल

बाइक रैली में वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, अमृत संचेती, मनीषनाथ योगी, मुकेश चंद्राकर, भगवान कुंजाम, नरेंद्र कुलदीप, बब्बू मरकाम, नितेश योगी, जयप्रकाश पद्दा, महेंद्र नायक, अमन मंडावी, पुरुषोत्तम कुंजाम, महेंद्र सोनवानी, रवि दुग्गा, रवि साहू, रविंद्र कड़ियाम, अनुराग शर्मा, कुनाल टेकाम, अजय उसेंडी, अनिल मरकाम, अनुराग साहू, गणेश सिवाना, सुमित साहू, सत्यपाल, भीमू सलाम, उदय भान मंडावी, हेमंत जुर्री, मनीष विश्वास और ऋषि सोनी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

अनुच्छेद 326 का किया वाचन

एसडीएम कार्यालय के सामने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया। उन्होंने वयस्क मताधिकार के संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता के मत में निहित है। मतदान का अधिकार केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि मताधिकार की रक्षा करना और नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना सभी की जिम्मेदारी है।

मोदे में आज से 25 तक मानस पाठ

धनेलीकन्हार। कांकेर ब्लॉक के ग्राम मोदे में आज 23 से 25 अक्टूबर तक त्रिदिवसीय संस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र की 25 मानस मंडलियां रामचरितमानस की चौपाइयों और भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति देंगी। पहले दिन जनपद सदस्य हेमलता कवाची, दूसरे दिन विधायक आशाराम नेताम तथा अंतिम दिन पूर्व सांसद मुख्य अतिथि के शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और रामचरितमानस के प्रति श्रद्धा को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के निर्णायक आजूराम निषाद एवं मिलाप नायक होंगे।



